खाद्य मंत्री ने किया पुस्तिकाओं का ऑनलाइन विमोचन

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने प्रदेश के उपभोक्ता संगठनों से केंद्र और राज्य सरकार की उपभोक्ता संरक्षण नीति और नियमों की अक्षरशः पालना में सक्रिय भागीदारी निभाने का आ ान किया ताकि उपभोक्ता हितों की रक्षा हो तथा उपभोक्ताओं में इन नीतियों के प्रति अधिकतम जागरूकता आए।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों के साथ संवाद बैठक का आयोजन किया गया।

कुमार ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। हर क्षेत्र में हर पल सेवाओं का उपभोग हो रहा है, इसी के साथ साइबर ठगी, नकली वस्तु, बिना हॉलमार्किंग के स्वर्ण आभूषण सहित विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं से ठगी हो रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि इस पर अंकुश लगे।

आमजन के बीच जागरूकता का अभाव न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ता हितैषी संकल्पना के अनुरूप कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में बदली गरीब की तकदीर और हिंदुस्तान की तस्वीर : राजेंद्र राठौड़

जयपुर । भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। राठौड़ ने कहा कि 11 वर्ष पहले जिन संकल्पों के साथ मोदी जी की अगुवाई में सरकार बनी थी, वे संकल्प सिद्धि तक पहुंच रहे है। हिंदुस्तान की तस्वीर और गरीब की तकदीर बदल गई। ''वर्ल्ड बैंक के अध्ययन के अनुसार, देश में 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यह मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की आर्थिक तरक्की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है। फिर चाहे वो पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर हो या फिर 1960 का सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत 649 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली से 16.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। अब सिंधु जल समझौता रद्द करने से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और जम्मू-कश्मीर को सीधा फायदा होगा। सिंधु और चिनाब का पानी रावी-व्यास के माध्यम से हरिके बैराज में पहुंचेगा और हरिके बैराज से पानी इंदिरा गांधी नगर परियोजना के माध्यम से राजस्थान को मिलेगा। इससे राजस्थान की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। इसी तरह राम जल सेतु लिंक परियोजना से राजस्थान के 40 प्रतिशत हिस्से में, करीबन 3.25 लाख जनसंख्या को पेयजल, 4.03 लाख हेक्टयेर क्षेत्र को सिंचाई का करीबन 4102 मिलियन क्यूबीक मीटर पानी मिलेगा। भजनलाल सरकार के अल्पकार्यकाल में इस परियोजना में 9446 करोड़ रूपए के कार्य प्रगति पर है, तथा 12674 करोड़ रूपए के टेंडर आमंत्रित किए जा चुके है। इसी तरह यमुना जल समझौते के तहत हरियाणा के ताजेवाला हैड से शेखावाटी के चूरू,झुंझुनूं और सीकर के लोगों को 54400 करोड़ लीटर पानी मिलेगा। इस समझौते से चूरू में 35 हजार हेक्टयेर तथा झुंझुनूं में 70 हजार हेक्टयेर भूमि सिंचाई हो पाएगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कृषि प्रधान देश में किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किए। देश में कृषि बजट 2013-14 में 21,930 करोड़ था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025-26 में बढ़ाकर 1,27,200 करोड़ कर दिया। इतना ही नहीं, देश में बाजरे की एमएसपी 2013-14 में 1,250 थी, जिसे मोदी सरकार ने दोगुनी से भी अधिक करते हुए 2,775 कर दी। इसी तरह गेहूं की एमएसपी बढ़ाकर 2,575 रूपए कर दी गई। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेसी नेता मोदी सरकार को सिर्फ कौंसने का काम करते है, जबकि 2014 से अब तक राजस्थान को केंद्र से 2,11,000 करोड़ की राशि मिली है।

केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकसित राजस्थान की दिशा में तेजी से कार्य कर ही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजस्थान में 2025-26 में पूंजीगत व्यय 53,686 करोड़ रखा गया है, जो कांग्रेस सरकार के 2023-24 के बजट से दोगुना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल में देश के युवा,महिला, किसान और गरीब के कल्याण के लिए कार्य किया है।

राजेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत प्रेस वार्ता आयोजित की।

■ मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर संकल्प से सिद्धि अभियान के तह भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ की प्रेसवार्ता

जीजा ने किया चौदह वर्षीय नाबालिग साली से दुष्कर्म

जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में एक जीजा ने नाबालिग साली से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि अपनी पत्नी को ससुराल भेज कर नाबालिग साली से दरिंदगी की और फिर चार महीने तक डरा-धमकाकर नाबालिग साली से देह शोषण करता रहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके चलते थाने में चाइल्ड हेल्प लाइन की मदद से पहुंची नाबालिग पीड़िता ने आरोपित जीजा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा की रहने वाली चौदह वर्षीय नाबालिग लडकी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी बड़ी बहन शादी के बाद पति के साथ जयपुर में रहती है और चार साल पहले उसकी बहन मिलने के लिए पीहर आई थी। पीहर आने पर वह उसे अपने साथ जयपुर ले आई। जयपुर में बहन और जीजा के साथ रहने के दौरान वह घर का कामकाज करती। एक दिन नाबालिग साली से आरोपित जीजा ने गंदी हरकत की। नाबालिग की शिकायत पर बहन ने अपने पति को डांटा। इसके बाद कुछ बहना बनाकर बहन को ससुराल भेज दिया। वह अपने जीजा के साथ किराए के मकान पर अकेली रह गई। घर में अकेला पाकर आरोपित जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पिछले चार महीने से दिन-रात आरोपी जीजा डरा-धमकाकर नाबालिग साली से देह शोषण करता रहा। परेशान होकर नाबालिग पीड़िता ने चाइल्ड हेल्प लाइन को शिकायत दी। चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने नाबालिग के पास पहुंचकर आपबीती सुनी। काउंसलर के साथ नाबालिग पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपित खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

■ आरोपित के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है

घर से एंटीक ट्रॉफी और झूमर चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर। जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर से बेशकीमती एंटीक ट्रॉफी और झूमर चुराने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए गए दो एंटीक ट्रॉफी और एक झूमर भी बरामद किया है।

फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 जून को घर से बेशकीमती एंटीक ट्रॉफी और झूमर चुराने वाले 20 वर्षीय सन्नी हरिजन उर्फ बाबू निवासी ज्योति नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए गए दो एंटीक ट्रॉफी और एक झूमर जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशे के लिए रुपये नहीं होने पर घर में घुसकर चोरी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

'फर्जी नंबर्स से हो रही बड़ी धोखाधड़ी, गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखें'

जयपुर । साइबर अपराधी लगातार अपनी चालें बदल रहे हैं और इस बार उन्होंने लोगों की एक आम आदमी को निशाना बनाया है, ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर खोजना। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आम जनता को साइबर धोखाधड़ी की नई तकनीक के प्रति आगाह किया है, जिसमें धोखेबाज गूगल सर्च परिणामों में फर्जी हेल्पलाइन नंबर डालकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

एसपी साइबर क्राइम पुलिस मुख्यालय शांतनु कुमार ने बताया कि साइबर ठग अब एक खास सर्च एल्गोरिथम का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे प्रमुख बैंकों, होटलों, कंपनियों और अन्य हेल्पलाइन आदि के नाम से फर्जी नंबर इंटरनेट पर खासकर गूगल सर्च परिणामों में सूचीबद्ध कर देते हैं। जब कोई व्यक्ति इन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर गूगल पर खोजता है और गलती से इन फर्जी नंबरों पर कॉल कर बैठता है तो अपराधी उनसे जुड़ जाते हैं। साइबर ठग पीड़ितों को मनचाही सेवा देने का झांसा देते हैं और उन्हें कोई विशेष ऐप डाउनलोड करने या किसी लिंक पर क्लिक करने के लिए उकसाते हैं।

एक बार जब उपयोग कर्ता उनकी बातों में आकर ऐसा कर देते हैं तो साइबर अपराधियों को उनकी डिवाइस का पूरा एक्सेस मिल जाता है।

इसका मतलब है कि आपकी बैंक ऐप, व्यक्तिगत डेटा और अन्य गोपनीय जानकारी तक उनकी सीधी पहुंच हो जाती है। इसके बाद अपराधी या तो सीधे आपके खातों से पैसे निकाल लेते हैं या आपको भुगतान करने के लिए मजबूर करके ठगी का शिकार बनाते हैं।

राजस्थान पुलिस ने इस बढ़ती धोखाधड़ी से बचने के लिए आम लोगों को कुछ महत्वपूर्ण सलाह दी है:

गूगल सर्च परिणामों पर आँख बंद करके भरोसा न करें: किसी भी बैंक, होटल, या सेवा प्रदाता का हेल्पलाइन नंबर हमेशा उनकी आधिकारिक वेबसाइट से ही लें। थर्ड-पार्टी वेबसाइट्स या गूगल सर्च के परिणाम हमेशा सही नहीं होते।

यदि कोई आपको कोई लिंक भेजता है और उसे क्लिक करने को कहता है तो अत्यधिक सतर्क रहें। ऐसे लिंक्स पर क्लिक करने से आपके डिवाइस का नियंत्रण साइबर ठगों के हाथों में जा सकता है।

साइबर अपराधी हमेशा नए तरीके खोजते रहते हैं। इसलिए ऑनलाइन लेनदेन करते समय और जानकारी साझा करते समय हमेशा सतर्क रहें।

यदि आप इस तरह की किसी भी साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो बिना देर किए तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

■ साइबर ठगों का नया जालःगूगल सर्च पर हेल्पलाइन नंबरों से सावधान

दहशत फैलाकर अवैध वसूली करने वाला शातिर गैंगस्टर गिरफ्तार

जयपुर। विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहशत फैलाकर अवैध वसूली करने वाली किलर गैंग के गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पिछले कई महीने से हत्या के प्रयास के दो मामलों में आरोपी गैंगस्टर फरार चल रहा था। पुलिस जानकारी में सामने आया कि दोस्तों के साथ मिलकर बनाई किलर गैंग दहशत फैलाकर अवैध वसूली का काम करती थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से फिलहाल पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहशत फैलाकर अवैध वसूली करने वाली किलर गैंग के मास्टरमाइंड मुज्जमिल (30) निवासी हसनपुरा सदर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में सामने आया कि गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर मुज्जमिल ने दर्जनभर से अधिक दोस्तों के साथ मिलकर किलर नाम रखकर गैंग बनाई और किलर गैंग का काम दहशत फैलाकर होटलों से अवैध वसूली करना है। जुलाई-2024 में गैंग के बदमाशों ने विधायकपुरी इलाके में स्थित एक होटल में तोड़फोड़ करने के साथ जानलेवा हमला किया। इसे अलावा सितम्बर-2024 में एमआई रोड पर विरोधी गैंग से झगड़े में जानलेवा हमला किया। जिसमें एक कार को आग लगाकर जला दिया।

विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहशत फैलाकर अवैध वसूली करने वाली किलर गैंग के गैंगस्टर को गिरफ्तार किया।

शराब की तस्करी करने वाला शराब तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मुहाना थाना इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से दस पेटी अवैध शराब जब्त की है। जिसमें कई ब्रांड की शराब मिली। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त अपराध कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मुहाना थाना इलाके में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले शराब तस्कर भंवर सिंह निवासी निवाई जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित शराब ठेकों से शराब लेकर अवैध शराब बेचने वाले तस्करों को सप्लाई करता है।

दी पैलेस स्कूल को मिला बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल

जयपुर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राजधानी जयपुर में लगातार अज्ञात आरोपित की ओर से किसी न किसी सरकारी संपत्ति को बस से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेज रहे,लेकिन पुलिस जांच में कुछ नहीं मिला था।

इसी चलते माणक चौक थाना इलाके के जलेब चौक स्थित दी पैलेस स्कूल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने का मामला सामने आया है। इसके बाद स्कूल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। जहां मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्कूल को खाली कराकर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते की ओर से तलाशी अभियान चलाया। पुलिस टीमें स्कूल का चप्पा-चप्पा सर्च किया।

जानकारी के अनुसार जलेब चौक स्थित दी पैलेस स्कूल की मेल आईडी पर रविवार मेल आया था,लेकिन स्कूल बंद था। जिसके चलते किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। सोमवार सुबह स्कूल प्रशासन ने मेल पर ध्यान देने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को मेल मिलने की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान पुलिस को किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस की टीमें ईमेल करने वाले व्यक्ति को ट्रेस कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि पुलिस मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश में जुट गई है। साथ ही साइबर टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल को पूरी तरह सील कर दिया गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने कई घंटों तक सर्च अभियान चलाया।

सर्च अभियान में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पुलिस की साइबर शाखा ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

सामाजिक न्याय मंत्री ने ली देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को देवनारायण योजना के अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी तबकों को मिले। इस कारण से लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में देवनारायण छात्रा स्कूटी वित्तरण एवं प्रोत्साहन राशि योजनान्तर्गत गत वर्षों की स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी (एस.सी. छात्रा) योजनान्तर्गत गत वर्षों की स्कूटी वित्तरण की अद्यतन स्थिति, योजना के तहत संचालित कन्या महाविद्यालय बयाना एवं महाविद्यालय नादौती में स्वीकृत पदों की स्थिति, देवनारायण गुरुकुल योजनान्तर्गत वर्ष सान्याअवि द्वारा आवंटित बजट एवं व्यय, देवनारायण गुरुकुल योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रवेशित क्षमता के विरूद्ध विद्यालय वार आवंटित छात्र-छात्राओं की संख्या एवं उसके विरूद्ध प्रवेशित छात्र-छात्राओं की समीक्षा की गई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने अति पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवंटित बजट के विरूद्ध व्यय होने,अति पिछड़ा वर्ग पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में आवंटित बजट के विरूद्ध व्यय राशि की जानकारी ली। साथ ही देवनारायण योजनान्तर्गत संचालित नवीन प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध पदस्थापन की स्थिति भी जानी। गहलोत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के अधिकारियों से देवनारायण योजनान्तर्गत 152 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए वर्ष 2009-10 से 2012-13 तक आवंटित राशि तथा व्यय व उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा योजनान्तर्गत स्वीकृत 207 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट प्रावधान के विरुद्ध व्यय राशि तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध पदस्थापन के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से योजनान्तर्गत छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2024-25 में आवंटित बजट एवं व्यय और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। गहलोत ने महिला एवं बाल विकास विभाग से देवनारायण योजनान्तर्गत 195 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए विगत वर्षों में आवंटित राशि के मुकाबले व्यय तथा निर्माण की स्थिति जानी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा कौशल नियोजन एवं उद्यिमता, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय से योजनान्तर्गत स्वीकृत आई.टी.आई. केन्द्रों के संचालन के लिए आवंटित बजट राशि एवं व्यय की समीक्षा की।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए प्रगति की समीक्षा की।

■ लंबित प्रकरणों को तय समयावधि में निस्तारित करने के दिए निर्देश

ऑनलाइन गेम्स में सट्टा कारोबार का भंडाफोड़

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन गेम्स में सट्टा कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए आरोपित तुषार बारिया को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपी से 8 लाख रुपए की सट्टा राशि भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मास्टरमाइंड जितेंद्र सोनी की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नवयुवकों को प्रलोभन में लालच देकर सट्टा कारोबार चलाया जा रहा था। एसएचओ लखन खटाना ने बताया कि पीड़ित विनोद चौधरी ने मामला दर्ज करवाया था कि जानकार अर्जुन चौधरी के मार्फत जितेंद्र सोनी से मुलाकात हुई थी। जहां विश्वास मेंआकर जितेंद्र सोनी के पास ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए 8 लाख रुपए जमा करवाए और .का लिंक और एक आईडी पासवर्ड हासिल किया। जहां आरोपित कसीनो के खेल में हार गया था रुपए। जिस पर जितेंद्र सोनी ने पीड़ित को फोन कर ऑनलाइन गेम्स में बड़ा प्रॉफिट और करोड़ों रुपए कमाने का झांसा दिया और झांसा देकर जितेंद्र सोनी ने फिर से 12 लाख रुपए ऑनलाइन बैंक खाते में जमा करवाए।

सार-समाचार

साइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

जयपुर। करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महंगी साइकिल चुराने वाले एक शातिर चोर को पकडा है और उसके पास से चोरी की तेरह महंगी साइकिल भी जब्त की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महंगी साइकिल चुराने वाले शातिर चोर मौसम जथुरिया (20)निवासी मीणा वाला करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई तेरह महंगी साइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

प्रदेश में 125 नये एफपीओ गठन के लिए एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट बैठक का आयोजन

जयपुर । राज्य की प्रस्तावित एफपीओ नीति एवं बजट घोषणा के अनुसार वर्ष 2025-26 में 125 नये एफपीओ बनाए जाने हैं। इनके गठन में क्लस्टर आधारित व्यापार संगठन (सीबीबीओ) को ऑन बोर्ड करने हेतु एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट' के संबंध में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल की अध्यक्षता में सोमवार को पंत कृषि भवन में बैठक का आयोजन किया गया। शासन सचिव ने बैठक में एफपीओ नीति को और प्रभावी बनाने के लिए निर्देश दिए कि अन्य राज्यों में लागू की गई एफपीओ नीति के प्रभावी बिन्दुओं का व्यापक अध्ययन कर राज्य की एफपीओ पॉलिसी में शामिल किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान समूहों को मजबूती प्रदान की जा सके। बैठक में लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, संयुक्त निदेशक (एफपीओ) शाखा एवं सचिव, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा राज्य की प्रस्तावित एफपीओ नीति के ड्राफ्ट का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। जिसमें केन्द्र सरकार की एफपीओ पर राष्ट्रीय नीति लागू होने के पश्चात् राज्यों ने भी स्वयं की एफपीओ पॉलिसी बनाये जाने की इच्छा व्यक्त की गई। राज्य एफपीओ पर अपनी स्वयं की पॉलिसी लाने के लिये पूरी तरह तैयार है जिसका उद्देश्य एफपीओ की भूमिका को एकीकृत और मजबूत करना है। राज्य की एफपीओ नीति का मुख्य उद्देश्य इन समूहों को सुदृढ़ीकरण हेतु आधारभूत संरचना विकसित करना, बाजार एवं ऋण संपर्क के लिए समर्थन प्रदान करना, सब्सिडी प्रदान करना और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से एफपीओ को सहायता प्रदान करना है। बैठक में प्रशासक, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड श्रीमान राजेश कुमार चौहान, संयुक्त निर्देशक कृषि विपणन विभाग संजय कुमार व्यास, संयुक्त निर्देशक कृषि विपणन विभाग टी. आर. मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग केशर सिंह, संयुक्त निदेशक उद्यानिकी राजेन्द्र सिंह खीचड तथा नाबार्ड, एनसीडीसी, आईटीसी, आरएलडीपी, राजीविका, एफओआरवीसीके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

मिलने के बहाने धोखे से बुलाकर विवाहिता से दुष्कर्म

जयपुर। जालूपुरा थाना इलाके में मिलने के बहाने धोखे से बुलाकर परिचित ने होटल में एक विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर डराने-धमकाने के साथ मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित विवाहिता ने आरोपित परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर की रहने वाली 28 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी आरोपित परिचित से मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों की आपस में बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान आरोपी ने मिलने की कहा। आरोपित ने 15 जून को मिलने के बहाने बुलाया,जहां मिलने जाने पर आरोपित परिचित धोखे से विवाहिता को त एक होटल में ले गया। जहां आरोपित ने कमरे में अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाने के साथ मारने की धमकी देकर रेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश आए पुलिस गिरफ्त में

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से छीने गए सात मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले 21 वर्षीय दिलीप महावर निवासीमालपुरा गेट जयपुर और 18 वर्षीय नीरज महावर निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से राहगीरों से छीने गए सात मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए मोबाइल स्नेचिंग कर उन्हे बेच कर नशा करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

चोरी के दुपहिया वाहन सहित वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी के दो दुपहिया वाहन बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिदांयका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर संदीप मीणा उर्फ गोल्या निवासी बिंदायका जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से बिंदायका और कालवाड थाना इलाके से चुराई गई दो बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से नीट टॉपर महेश कुमार ने की मुलाकात

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नीट परीक्षा-2025 में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले महेश कुमार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ जिला निवासी महेश को नीट परीक्षा में असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने महेश को भगवान श्रीकृष्ण का भित्ति चित्र और पेन भेंट किया। इस दौरान महेश के माता-पिता भी मौजूद रहे।